दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 10 मिनट

---

01. भारतीय सेना ने जम्मू के पास पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी लॉन्च पैड को नष्ट किया।

02. भारत ने श्रीनगर, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, जैसलमेर, बाड़मेर और भुज सहित छब्बीस स्थानों पर पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को विफल किया।

03. भारत–पाक तनाव के बीच प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा बढ़ाई गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पूर्णिया में अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का शानदार प्रदर्शन। रग्बी के महिला और पुरूष वर्ग में जीता स्वर्ण पदक।

---

भारतीय सेना ने जम्मू के पास पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी लॉन्च पैड को नष्ट कर दिया है। यहां से ट्यूब लॉन्च ड्रोन छोड़ जा रहे थे। इसके अलावा, सेना ने पाकिस्तान से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर स्थित बारामुला से भुज तक छब्बीस स्थानों पर ड्रोन हमलों को विफल कर दिया। इनमें वे ड्रोन भी शामिल हैं जो, रिहायशी और सैनिक ठिकानों के लिए खतरा बन सकते थे। रक्षा सूत्रों के अनुसार, इन स्थानों में बारामूला, श्रीनगर, अवंतीपुरा, नगरोटा, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, फाजिल्का, लालगढ़ जट्टा, जैसलमेर, बाड़मेर, भुज, कुआरबेट और लखी नाला शामिल हैं। हथियारों से लैस ड्रोन के माध्यम से फिरोजपुर, अमृतसर और पठानकोट सहित पंजाब के सीमावर्ती जिलों में हमला करने की कोशिश की गई है, लेकिन भारतीय सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक इन प्रयासों को नाकाम कर दिया।

हालांकि फिरोजपुर में ड्रोन से एक मकान को नुकसान पहुंचा है और तीन लोग घायल हुए हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है और उनके सुरक्षित होने की ख़बर है। फिरोजपुर पुलिस प्रमुख भूपेन्द्र सिंह सिद्धु ने बताया है कि यह ड्रोन से

प्रभावित मात्र एक घटना है और सेना ने ज्यादातर ड्रोन हमलों को निष्क्रिय कर दिया है। ब्योरा हमारे संवाददाता से...

———कट———

इस बीच भारतीय सेना का मौजूदा स्थिति पर दिल्ली में सुबह दस बजे मीडिया को जानकारी देने का कार्यक्रम है।

———————————————————————————

पाकिस्तान ने वृहस्पतिवार की रात को लगभग चार सौ ड्रोन का इस्तेमाल कर लेह से लेकर सरक्रीक तक छत्तीस स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश की। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक और नॉन—काइनेटिक तरीकों का इस्तेमाल कर इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। नई दिल्ली में एक विशेष प्रेस ब्रीफिंग में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया।

———बाइट———

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तानी हमले के जवाब में, भारत ने हथियारों से लैस ड्रोन से पाकिस्तान के चार हवाई रक्षा ठिकानों पर हमला किया और इनमें से एक ड्रोन ने पाकिस्तान के एडी रडार को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने भारी तोपों और सशस्त्र ड्रोनों का उपयोग करके नियंत्रण रेखा के पार गोलाबारी भी की, जिसमें भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत हुए और घायल हुए। उन्होंने कहा कि भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को भी काफी नुकसान हुआ।

इस अवसर पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा हमलों से इनकार करना उसके दोहरे रवैये का एक और उदाहरण है। उन्होंने गुरुद्वारों, कॉन्वेंट और मंदिरों सहित पूजा स्थलों को निशाना बनाने और उन पर गोलाबारी करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की और इसे पाकिस्तान को किसी भी निचले स्तर तक पहुंचना बताया।

———————————————————————————

भारत—पाक तनाव के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पूर्णिया में सीमावर्ती जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री कुमार सुरक्षा और सतर्कता तैयारियों का जायजा भी लेंगे।

मुख्यमंत्री कल रक्सौल में सुरक्षा बैठक करेंगे। इस बीच, हालातों को देखते हुए बिहार में भी हाई अलर्ट है। इस दौरान भारत–नेपाल के सीमावर्ती जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पटना, गया, बेगूसराय, कटिहार और पूर्णिया में नागरिक स्वयंसेवक, सिविल डिफेंस वॉलंटियर की संख्या बढ़ाने को भी कहा गया।

————————————————————————

प्रदेश के सभी ग्रामीणों को जल्द ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जागरूक और सतर्क किया जाएगा। विकास आयुक्त सह आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास जिला अनुमंडल से लेकर गांव स्तर तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा कोर के स्वयंसेवकों की संख्या बढ़ाई जाएगी और इनका मानदेय प्रतिदिन चार सौ रूपये से बढ़ाकर सात सौ रूपये किये जायेंगे। इधर, संवेदनशील इलाकों में स्थित चिकित्सा संस्थानों को आपातकालीन स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के एसीएस प्रत्यय अमृत ने कहा कि सभी जिलों में डॉक्टरों और पारामेडिकल स्टॉफ की क्विक रिस्पांस टीम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को आपातकालीन वार्ड को चालू रखते हुए डेडिकेटेड बेड की व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

————————————————————————

भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच सीतामढ़ी के सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने अपने सांसद कोटे का अब तक का मूल वेतन पंद्रह लाख रूपये प्रधानमंत्री आपदा कोष में देने की घोषणा की है।

————————————————————————

केंद्र सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों के इन दावों को खारिज कर दिया है कि पाकिस्तान के साइबर हमले के कारण भारत की सत्तर प्रतिशत बिजली ग्रिड खराब हो गई है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ये दावे फर्जी हैं।

————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सार्वजनिक आपूर्ति प्रणाली के तहत मिलने वाला अगस्त माह तक का राशन मई महीने में ही वितरित कर दिया जाएगा। श्री चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार ने मानसून को देखते हुए ये निर्देश जारी किये हैं। भारतीय खाद्य निगम को तीस मई तक इसे सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

————————————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मेजबान बिहार ने होम ग्राउंड पर अब तक का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बिहार ने तीन स्वर्ण सहित कुल सत्रह पदक जीत लिए हैं। मेजबान टीम बिहार ने कल रग्बी की दोनों श्रेणियों— पुरूष और महिला वर्ग में ओडिशा को पराजित कर स्वर्ण पदक जीते। आज खेलों का सातवां दिन है। भागलपुर में आज से बैडमिंटन प्रतियोगिताएं शुरू हो रही है। इधर, तैराकी, टेबल टेनिस, सेपक टाकरा और भारोत्तोलन सहित विभिन्न स्पर्धाओं में भी आज काफी संख्या में पदकों के लिए निर्णायक मुकाबले होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि महाराष्ट्र ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पिछले संस्करणों की तरह अपना दबदबा बनाए रखा है।

————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भारत—पाक सीमा पर तनाव और भारत की जवाबी कार्रवाई की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है — पाक ने लगातार तीसरे दिन ड्रोन हमले किए। भारत ने हवा में ही मार गिराए, नापाक पाक फिर नाकाम।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारतीय सेना ने जम्मू के पास पाकिस्तानी चौकियों और आतंकवादी लॉन्च पैड को नष्ट किया।

02. भारत ने श्रीनगर, जम्मू, फिरोजपुर, पठानकोट, जैसलमेर, बाड़मेर और भुज सहित छब्बीस स्थानों पर पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को विफल किया।

03. भारत–पाक तनाव के बीच प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा बढ़ाई गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पूर्णिया में अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे।

04. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार का शानदार प्रदर्शन। रग्बी के महिला और पुरूष वर्ग में जीता स्वर्ण पदक।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।